तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 7 नवंबर 2025

10 सोनाखान के जंगलों में कीमती पेड़ों अवैध कटाई


11 देव दीपावली पर यादव समाज ने निभाई ...




# जिले में राजस्व पखवाड़ा शुरू, तत्काल हो रहे प्रकरणों का निराकरण

## जिले के गांवों को अलग-अलग कलस्टरों में किया गया विभाजित, 24 तक अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में 6 नवम्बर से राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। कलस्टरों में राजस्व शिवर शुरू किया गया है। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों जैसेः फौती नामांतरण एवं बंटवारा, अभिलेख त्रुटि सुधार के प्रकरणों का मौके पर ही आनलाइन अपलोड कर हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन, पंचनामा आदि की प्रविष्टि एवं मौके पर ही नोटिस ईश्तहार जारी कर पक्षकारों को तामिल कराया जा रहा है। राजस्व शिविर 7 नवम्बर को तहसील बलौदाबाजार के ग्राम झोंका, लवन के कोयदा, पलारी के दतान प, भाटापारा के कड़ार, सिमगा के




### समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण के निर्देश

शिविर के दौरान बी-1, खसरा एवं किसान किताब के प्राप्त आवेदनों का शिविर स्थल पर ही निराकरण, आय, जाति, निवास संबंधी समस्त आवेदनों का शिविर स्थल पर ही लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन प्रविष्टि एवं समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण के निर्देश दिये गए।

करहुल, सुहेला के जरौद बड़े, कसडोल के पिपरछेड़ी, टुण्डरा के नरधा, सोनाखान के नवागांव, 10 नवम्बर को तहसील बलौदाबाजार के ग्राम रसेड़ा ,लवन के मरदा, पलारी के देवसुन्दरा ,भाटापारा के दतरेंगी, सिमगा के संजारीनवागांव, सुहेला के फरहदा बड़े, टुण्डरा के गिरौद, सोनाखान के बार, 12 नवम्बर को बलौदाबाजार तहसील के ग्राम मुड़ियाडीह, लवन के सरखोर, पलारी के कुसमी, भाटापारा के सुरखी, सिमगा के रोहरा, सुहेला आमाकोनी, कसडोल के बोरसी, टुण्डरा के अमोदी, सोनाखान के ग्राम कोसमसरा ब, 13 नवम्बर को बलौदाबाजार तहसील के ग्राम परसाभदेर ,लवन के चिचिरदा, पलारी के ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### दतान खैरा में बाघ आने की खबर अफवाह निकली

पलारी। दतान खैरा में बाघ आने की खबर अफवाह निकली। बुधवार की शाम दतान में एक सफेद बुंदिया बाघ होने के फोटो सहित संदेश वायरल होने से विभाग द्वारा सावधान रहने की हिदायत को लेकर भ्रामक प्रचार प्रसार से ग्राम धमनी मुडियाडीह दतान के ग्रामीणों में भय का वातावरण छा गया। वायरल संदेश की तहकीकात करने के लिए वनमंडलाधिकारी वन मंडल बलौदाबाजार गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी वसंत खांडेकर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षु रेंजर सहायक परिक्षेत्र अधिकारी रोहांसी साहू, प्रशिक्षु रेंजर कश्यप, बीटगार्ड मनबोधन टंडन, आबिद खान, विजय ध्रुव, सुरक्षा श्रमिक भगवान दास एवं अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति धमनी रामनारायण यादव दतान खैरा पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात कर जानकारी ली, तो पता चला कि किसी प्रकार के कोई बुंदिया बाघ नहीं देखा गया है। मोबाइल पर एआई तकनीक के जरिए बुंदिया बाघ का फोटो सोशल मीडिया पर डाला गया। अधिकारियों द्वारा इस प्रकार के भ्रामक संदेश नहीं भेजने के लिए समझाइश दी गई और बिना जांचे परखे, पुष्टी हुए बिना ऐसी भ्रामक जानकारी को शेयर करना पर कार्रवाई की श्रेणी में आता है। वायरल फ़ोटो निराधार पुष्टि होने पर सभी ने राहत की सांस ली।

### अगहन गुरुवार को मां लक्ष्मी का हुआ पूजन



खरोरा। श्री नारायण विष्णु और माता लक्ष्मी का प्रिय माह अगहन 6 नवंबर से प्रारंभ हुआ। छत्तीसगढ़ में अगहन गुरुवार की पूजा विशेष रूप से प्रचलित है। इस अवसर पर खरोरा क्षेत्र में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से मां लक्ष्मी का पूजन किया। पहले बुधवार की शाम से ही लोगों ने अपने घरों के प्रवेश द्वार पर लक्ष्मी माता के चरण चिन्ह अंकित कर फूल, रोली और पीला चावल अर्पित किया तथा घी के दीप जलाकर माता का स्वागत किया। अगहन मास के पहले बृहस्पतिवार को महिलाओं ने घरों की विशेष सफाई की, आंगन में चावल के आटे से रंगोली बनाई और द्वार से देवस्थान तक लक्ष्मी पदचिह्न उकेरे। गुरुवार को श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर फलों का भोग लगाया और सुख-समृद्धि की कामना की। मान्यता है कि अगहन गुरुवार के दिन मां लक्ष्मी पृथ्वी लोक पर भ्रमण करती हैं और जो भक्त श्रद्धा से पूजा करते हैं, उन पर उनकी कृपा बनी रहती है। कृषक समुदाय के लिए भी यह माह विशेष होता है, क्योंकि इसी समय खेतों से धान जिसे 'लक्ष्मी' का प्रतीक माना जाता है घर लाया जाता है और पूजा कर भंडार में स्थापित किया जाता है।

### सोनासिल्ली में हुआ आंवला पूजन

झलप। ग्राम सोनासिल्ली पाड़ेपाली में हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा को आंवला पूजा बड़ी धूमधाम से मनाई गई। गांव की सुख शांति के लिए भगवान विष्णु और लक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई। बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में कमलेश प्रधान, संतोष रावत, मदन साहू, मनोज प्रधान, श्रीधर प्रधान व बड़ी संख्या में महिला व पुरुष सम्मिलित हुए।

## आंदोलन की जानकारी मिलते ही पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्रेकर बनवाने का दिया आश्वासन

# तिगड्डे पर लगा जाम, बिफरे स्कूली विद्यार्थी और युवकों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर के तिगड्डा चौक में स्कूली बच्चों एवं नगर के युवाओं द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया, जिसकी जानकारी मिलते ही तत्काल धरना स्थल पर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल पहुंचे। जहां स्कूली बच्चों से बात की। छात्रों की मांग थी कि तिगड्डा चौक में स्कूल के आने-जाने के टाइम में चौक पर जाम लग जाता है, जिसमें दुर्घटना की संभावना बनी ही रहती है। कुछ दिन पहले एक बच्चे की मौत भी हो चुकी है, जिसे देखते हुए तिगड्डा चौक में स्पीड ब्रेकर बनना आवश्यक है, साथ ही एक पुलिस स्टाप की तैनात होना चाहिए। इस पर अध्यक्ष ने पी डब्लू विभाग को दिशा-निर्देश दिये और अभी





तत्काल में थाना प्रभारी को बेरीगेट लगवाने कहा।

सांसद प्रतिनिधि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल सोनी, सदस्य युवा मोर्चा प्रदेश सोसल मीडिया सदस्य पार्षद राहुल मरकाम, जयप्रकाश वर्मा, शेखर देवांगन उपस्थित रहे।

मुख्य रूप से आदित्य ठाकुर, देव देवांगन, पप्पू सेन, जानी डहरिया, छोटू देवांगन, भोला उपाध्याय, गजनी साहू, उज्जवल देवांगन, युवराज, राज देवांगन, आर्यन देवेदी, युवराज वर्मा, धनेश पाल आदि स्कूलिए बच्चे उपस्थित रहे।

## 13 आरोपी गिरफ्तार

# गौरा-गौरी विसर्जन में नाचने पहुंचे युवकों ने किया प्राणघातक हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शहर में गौरी-गौरा विसर्जन के दौरान प्राण घातक हमला करते हुए गंभीर चोट पहुंचाने वाले 13 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिसमें 10 विधि से संघर्षरत बालक शामिल हैं। यह विवाद गौरी गौरा विसर्जन में लगे बाजा में नाचने की बात को लेकर हुआ, जिसमें आरोपियों ने आवेश में आकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया।

- सभी आरोपी एक ही मोहल्ले के, इसमें 10 अपचारी बालक शामिल

शहर टीआई प्रवीण मिंज ने बताया कि संतकंवर राम वार्ड के निवासियों द्वारा बाजे गाजे के साथ गौरी-गौरा विसर्जन करने माता देवालय तालाब ले जाया जा रहा था, इसी बीच मातादेवालय मंदिर के पीछे, सर्कस मैदान के आरोपी मिथिलेश निषाद 19 साल, राकेश मिश्रा 48 साल, भागीरथी निषाद 22 साल सहित विधि से संघर्षरत 10 बालक तालाब से वापस आ रहे थे।







फिर आरोपी संतकंवर राम वार्ड के गौरी-गौरा में लगे बाजा में नाचने लगे, जिससे मना करने पर आरोपियों द्वारा एक राय होकर अश्लील गाली गलौज करते हुए, हत्या करने की नियत से संतकंवर राम वार्ड के गौरी-गौरा विसर्जन में शामिल लोगों पर डंडे, राड, पत्थर, चाकू आदि से प्राण घातक वारकर गंभीर चोट पहुंचाया। घायलों की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296,109,191(2),190 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में टीआई के मार्गदर्शन में पुलिस टीम के शिवशंकर कुर्रे, रामसनेही कैवर्त आदि की टीम ने 10 विधि से संघर्षरत ▶▶ शेष पेज 11 पर

# कर्मचारियों की हड़ताल से सहकारी बैंक में लटके ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नोडल मुख्यालय बलौदाबाजार में 17 शाखाओं के 300 कर्मचारियों ने शाखाओं में ताला लगाकर हड़ताल किया, जिससे किसानों को दिन भर इधर उधर होना पड़ा। संघ के अध्यक्ष मोहनलाल साहू, कोषाध्यक्ष सुशील यदु, अनिल वर्मा, हृदय ध्रुव, मनोज दिवाकर, अरुण सेन, घनश्याम वर्मा, दीनु शर्मा, रामनारायण यदु प्रदेश कर्मचारी संघ की ओर से उपस्थित रहे।

- संघ ने थाली चम्मच बजाकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

शाखा बलौदाबाजार, पलारी, रोहांसी, कोदवा, लवन, निपनिया, कसडोल, हथबंद सहित विभिन्न शाखाओं से उपस्थित कर्मचारियों ने दिन भर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया, अपने लंबित वेतन वृद्धि को पुरी करने का मांग पर तालाबंदी कर दिया है। शाखा प्रबंधक रमेश कुमार धावलकर, रोहित जायसवाल, संजय वर्मा, प्रहलाद पटेल, सुरेंद्र वर्मा,भरत नवरतन, धीरेन्द्र वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा,बसावन यदु, अनिता पांडे, त्रिभुवन ध्रुव सहित सभी कर्मचारियों ने बताया की संघ के निर्देश पर बलौदाबाजार जिले ही नहीं समस्त 73 शाखाओं का एक दिवसीय अवकाश आंदोलन आज सभी नोडल मुख्यालय में चल रहा है जिसमे मांग के लिए कर्मचारी सड़क की लड़ाई लड रहे हैं।





कर्मचारी संघ द्वारा बलौदाबाजार में विरोध का स्वर इतना जबरदस्त था कि कर्मचारियों द्वारा थाली, चम्मच बजाकर कर पंजीयक और सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद किया गया। बलौदाबाजार धरना स्थल पर सहकारिता से जुड़े हुए किसान और नेता भी समर्थन देने आते हुए थे, जिसने मांग को जायज ठहराते हुए तत्काल पूरा करने बात कही। इस आंदोलन स्थल पर आज काफी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे, जिसमें फत्तेसेन, संतोष सोनी, संतोष गुप्ता, रोहित यादव, जयप्रकाश, नंदु साहू, भरत वर्मा, राजकुमार यदु, पुरन साहू, पुरूषोत्तम वर्मा, जनक जांगड़े, देविका साहू, ममता पटेल, सविता यदु, ममता वर्मा, हेमा वर्मा, भागवत दयाल, मुरीत साहू, रत्नाकर सर, ओमप्रकाश मारकंडेय, श्याम लाल कन्नौजे, विजय यदु, लेखराम साहू, मुरारी वर्मा, नरेंद्र सेन, आशिष साहू, राजकुमार ध्रुव, अनिल राय, ओपी वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, रुपेश वर्मा, शालेंद्री साहू सहित काफी संख्या में कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

# भाटापारा, सिमगा और कसडोल में सिविल न्यायालय भवनों का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने 6 नवंबर को जिला न्यायालय बलौदाबाजार में नव निर्मित अधिवक्ता कक्ष का लोकार्पण किया तथा भाटापारा, सिमगा और कसडोल में सिविल न्यायालय भवनों का भूमि पूजन एवं शिलान्यास वर्चुअल माध्यम से संपन्न किया। यह कार्यक्रम राज्य की न्यायिक अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

उन्होंने कहा कि भाटापारा, सिमगा और कसडोल में बनने वाले सिविल न्यायालय भवन न्यायपालिका के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। ये भवन पक्षकारों, अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों को आधुनिक एवं आरामदायक सुविधाएं प्रदान करेंगे। न्यायिक अधोसंरचना के विकास से न केवल कार्यकुशलता बढ़ेगी, बल्कि जनता का विश्वास न्याय व्यवस्था में और अधिक सुदृढ़ होगा। कार्यक्रम में बताया गया कि बलौदाबाजार में अधिवक्ता कक्ष के निर्माण पर 48.80 लाख, भाटापारा में न्यायालय भवन पर 8.83 करोड़, कसडोल में 7.04 करोड़ तथा सिमगा में 6.90 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य ▶▶ शेष पेज 11 पर




### बलौदाबाजार में अधिवक्ता कक्ष का लोकार्पण

कार्यक्रम में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डेय सहित अनेक न्यायाधीश वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। मुख्य न्यायाधीश सिन्हा ने कहा कि अधिवक्ताओं के लिए नवनिर्मित सुसज्जित कक्ष उनके कार्य वातावरण को और सुविधाजनक बनाएगा, जिससे न्यायिक कार्यों में गति एवं दक्षता बढ़ेगी।

## सेल से बया-पिथौरा तक मिट्टी डालने से मार्ग हुआ उबड़-खाबड़

# वन मार्गों की मरम्मत में लापरवाही, नाराज ग्रामीणों ने मुरूम की जगह मिट्टी डालने का विरोध किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

क्षेत्र के वन मार्गों की मरम्मत कार्यों में भारी लापरवाही बरती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़कों पर मुरूम की जगह मिट्टी डाली जा रही है, जिससे बरसात के मौसम में सड़कें कीचड़मय होकर आवागमन के लायक नहीं रहेगी। ग्रामीणों ने इस मनमानी कार्यप्रणाली के खिलाफ विरोध जताया है।

जानकारी के अनुसार वन विभाग द्वारा किए जा रहे मरम्मत कार्यों में मानक सामग्रियों का उपयोग नहीं किया जा रहा। पहले जहां सड़कों पर मुरूम डाली जाती थी, वहीं अब केवल मिट्टी बिछाकर औपचारिकता निभाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि मिट्टी डालने से सड़क बारिश में बह जाएगी और स्थिति पहले से भी बदतर हो जाएगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले तीन वर्षों से इसी तरह मिट्टी बिछाई जा रही है, जबकि सड़क निर्माण एवं रखरखाव के लिए पर्याप्त बजट की व्यवस्था नहीं की जाती। वहीं लेंटाना घास साफ करने में हर साल लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, पर सड़क सुधार के लिए उचित बजट नहीं दिया जाता।






सेल से लेकर बया-पिथौरा रोड तक कई स्थानों पर मिट्टी डाले जाने से मार्ग उबड़-खाबड़ हो गए हैं। वहीं अकलतरा और चरोदा मार्गों पर थोड़ी मात्रा में मुरूम डालने से आवागमन में भारी दिक्कतें आ रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी वन मार्गों पर पर्याप्त मात्रा में मुरूम डलवाया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके।

# फर्जी राशि आहरण के आरोप में लावर सरपंच योगेश निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

सिमगा जनपद के ग्राम पंचायत लावर सरपंच योगेश कुमार नेताम को फर्जी राशि आहरण के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा द्वारा की गई है।



जानकारी के अनुसार वार्ड 9 के पंच राजू पाल ने सरपंच योगेश नेताम के कार्य में अनियमितता, लापरवाही, मनमानी एवं फर्जी निकासी कर राशि गबन का लिखित शिकायत पर सही पाए जाने पर कार्रवाई में, राजस्व प्रकरण की धारा-40 वर्ष के अंतर्गत प्राप्त शिकायत में आरोप लगाया था कि सरपंच द्वारा बंधवा तालाब में कार्य नहीं कराया गया, फिर भी 55,700 की राशि बिना पंचायत प्रस्ताव के व्यय की गई। पंचायत द्वारा बिना प्रस्ताव के राशि आहरण कर शासन की राशि गबन किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी।

जांच उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिमगा के प्रतिवेदन में भी अनियमितता पाई गई। सरपंच से कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया, किंतु प्रस्तुत जवाब संतोषप्रद नहीं पाया गया। अधिकारी ने पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 39(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए सरपंच योगेश कुमार नेताम को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया है। निलंबन आदेश तब तक प्रभावी रहेगा जब तक प्रकरण का अंतिम निर्णय नहीं हो जाता।

## खबर संक्षेप



### पुस्तक और कला प्रदर्शनी में झलकी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एचएनएलयू) द्वारा विश्वविद्यालय पुस्तकालय में एक विशेष पुस्तक एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस बार प्रदर्शनी का उद्देश्य राज्य स्थापना दिवस को संस्कृति और कला के दृष्टिकोण से मनाना था। यह कार्यक्रम लर्निंग रिसोर्सेज कमेटी एलआरसी और एचएनएलयू के छात्रों के संयुक्त प्रयासों से प्रो. डॉ. विष्णु कोनूरायर, फैकल्टी संयोजक, एलआरसी के मार्गदर्शन में हुआ। इसी दौरान छात्रों ने कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल सुसंगठित और सूचनाप्रद थी, बल्कि इससे उन्हें छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत के प्रति नई समझ और सम्मान प्राप्त हुआ। प्रदर्शनी में स्थानीय कलाकारों की चित्रकृतियों का मनमोहक प्रदर्शन किया गया, जिनमें छत्तीसगढ़ की जनजातीय परंपराओं और सांस्कृतिक विविधता को जीवंत रूप में चित्रित किया गया था। प्रदर्शनी में कुलपति प्रो. डॉ. वीसी विवेकानंदन, कुलसचिव डॉ. दीपक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. डॉ. विष्णु कोनूरायर एवं अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति रही।

### धर्मदास साहब का मनाया प्रगट दिवस, चौका-आरती की



**रायपुर।** गुरु कबीर साहब के परम शिष्य धर्मदास साहब का 629 वां प्रगट दिवस और गुरु कबीरधाम अम्लेश्वर का 24वां स्थापना दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम सतगुरु कबीर धर्मदास वंशावली सेवा समिति एवं केडीवी मिशन द्वारा अम्लेश्वर, भोथली में बुधवार को हुआ। इस कार्यक्रम में रायपुर सहित आसपास के सभी क्षेत्रों से हजारों की संख्या में कबीरपंथी अनुयाई पहुंचे। आयोजक समिति और मिशन के पदाधिकारी में बताया है कि कार्यक्रम के दौरान सुबह 8 बजे गुरु महिमा पाठ से शुरू हुआ एवं सत्संग भजन चलता रहा। साथ ही शाम को गुरु गोस्वामी भानुप्रताप साहेब के कमलों से चौका-आरती की गई। साथ ही भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### 21 कुंडीय यज्ञ-हवन भण्डारे का आयोजन



**रायपुर।** राजधानी के वीआईपी रोड स्थित संत आशाराम आश्रम में 21 कुंडीय यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया। मंत्रोच्चार के साथ साधक परिवारों द्वारा पूजा अर्चना कर आरती की गई। इसके बाद सामूहिक माला पूजन का आयोजन भी किया गया इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भंडारा रखा गया। भंडारा में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

### प्राथमिक शाला सलिहाभांठा में आंवला तरी भात का आयोजन

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला सलिहाभांठा में आंवला पूजन कर बच्चों के साथ पालकों ने 'आंवला तरी' भात, प्रसाद खाया। बच्चों के साथ शिक्षकों व पालकों ने शाला में स्थित आंवला पौधे का पूजन कर और रक्षासूत्र बांधकर प्रकृति संरक्षण और सभी बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य व शिक्षा की कामना किए। इसके पहले बच्चों ने शाला में सुआ नृत्य किया। पूजन पश्चात सभी ने भोजन प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में प्रसाद तैयार करने में बिसनी दीवान, बीना यादव, कुसुमलता दीवान, खिलेश्वरी ध्रुव, सुशीला साहू का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर, शिक्षक रामेश्वर ढीढी, सरपंच इंद्रा सिन्हा, पिरीत राम ध्रुव, हेमलता साहू, पंचराम ध्रुव, जागेश्वर ध्रुव उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों के स्थानांतरण प्रमाण पत्र पर काउंटर सिग्नेचर जरूरी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीबीएसई स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए अब स्थानांतरण प्रमाण पत्र पर काउंटर सिग्नेचर की जरूरत नहीं होगी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सभी संबद्ध स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर काउंटरसिग्नेचर के लिए अब मुख्यालय या क्षेत्रीय कार्यालय को कोई अनुरोध न भेजें।

खास खबर

बोर्ड ने पहले ही यह प्रक्रिया बंद कर दी थी, जिसमें एक सीबीएसई स्कूल से दूसरे सीबीएसई स्कूल में ट्रांसफर के समय टीसी पर काउंटरसिग्नेचर की आवश्यकता होती थी। सीबीएसई के मुताबिक, "बोर्ड के मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों को अब भी कुछ स्कूलों से ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर काउंटरसिग्नेचर के अनुरोध मिल रहे हैं। स्कूलों द्वारा सीबीएसई के दिशा-निर्देशों का पालन न करना न केवल अभिभावकों और छात्रों के लिए असुविधा पैदा करता है, बल्कि डिजिटलीकरण के इस युग में प्रक्रिया को भी बाधित करता है।"

## बोर्ड ने कहा, डिजिटलीकरण की प्रक्रिया होती है बाधित

### स्कॉलरशिप के लिए आवेदन 20 तक

बोर्ड ने सिंगल गर्ल चाइल्ड के लिए सिंगल गर्ल मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम के लिए एप्लीकेशन जमा करने की आखिरी तारीख 20 नवंबर तक बढ़ा दी है। यह उन छात्राओं पर लागू होता है जो अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं और जिन्होंने कक्षा दसवीं की परीक्षा में 70 प्रतिशत या इससे अधिक अंक हासिल किए हैं। इसके अलावा, परिवार की सालाना इनकम 8 लाख रुपए से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आवेदन के दौरान इनकम का नोटराइज्ड सेल्फ-डिक्लेरेशन ऑनलाइन अपलोड करना होगा।




### विद्यालय दोहरा रहे गलतियां

सीबीएसई ने अपने निर्देश में कहा है कि अब किसी भी ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर काउंटरसिग्नेचर की जरूरत नहीं है और सभी स्कूलों को इस निर्देश का पालन करना अनिवार्य है। नए निर्देश के मुताबिक, अब सीबीएसई स्कूल से दूसरे सीबीएसई स्कूल में छात्र का ट्रांसफर होने पर टीसी पर किसी प्रकार की मुहर या काउंटरसिग्नेचर की आवश्यकता नहीं होगी। स्कूलों को मुख्यालय या रीजनल ऑफिस को टीसी भेजने की जरूरत नहीं है। यह निर्णय प्रक्रिया को डिजिटल और सरल बनाने के लिए लिया गया है। सीबीएसई द्वारा पूर्व में ही नियमों से अवगत कराए जाने के बाद भी स्कूलों द्वारा गलतियां दोहराए जाने के कारण बोर्ड ने फिर से स्थिति स्पष्ट की है।

**लोकार्पण : 12.50 लाख की लागत से बना अतिरिक्त भवन**

# गुरु घासीदास मंदिर में अतिरिक्त भवन व उन्नयन कार्यों का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

नगर पंचायत के बालसमुन्द तट में गुरु घासीदास मंदिर परिसर में 12.50 लाख की लागत से निर्मित अतिरिक्त भवन तथा मंदिर परिसर के उन्नयन कार्यों का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू थे। अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा सहित नगर के पार्षदों के आतिथ्य में विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात नव निर्मित भवन का शुभारंभ किया।

कसडोल विधायक संदीप साहू ने कहा कि नव निर्मित भवन के माध्यम से मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए अधिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन में सुविधा होगी। उन्नयन कार्यों से मंदिर क्षेत्र की सौंदर्यता और व्यवस्थाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि गुरु घासीदास मंदिर परिसर में निर्मित अतिरिक्त भवन एवं उन्नयन कार्यों का लोकार्पण आज हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। यह परिसर न केवल हमारी आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों का भी एक पवित्र स्थल है। उक्त अवसर पर सीएमओ मनोज बंजारा, रवि बंजारे, शैलेन्द्र बंजारे, पार्षद लेखु वर्मा, नेमसिंह बांधे, कुमार धीवर, प्रतिभा घनश्याम धीरहे, नारायण धीवर, लुकेश्वरी निषाद, तिलक सतनामी, मोहन बंजारे, महेश ढीढी, बसंत जांगड़े, साधराम साहू, शेरखान, हर्षू वर्मा, खोमेश वर्मा, सौरभ वर्मा, शिवम मिश्रा, लखेश्वर वर्मा, गोवर्धन यादव सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### सतनाम समाज के क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने ली शपथ

खरोरा। सतनाम धाम राजीव नगर में सतनाम समाज का विशाल दो सत्रीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में गुरु घासीदास की गुरु गद्दी पूजा-अर्चना के पश्चात खरोरा परिक्षेत्र के 65 गांवों के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से निर्वाचन एवं मनोनयन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत तिल्दा अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक रामसिंह गिलहरे तथा विशिष्ट अतिथि रामकृष्ण खूंटे व अन्य गणमान्यजन रहे। इस अवसर पर श्याम सुंदर बांधे को अध्यक्ष, बनवारी राम और प्रीति मनहरे को उपाध्यक्ष, सचिन बंजारे को सचिव, सागर राम लहरिया को सहसचिव, मन विश्राम को कोषाध्यक्ष तथा प्रकाश गिलहरे को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। क्षेत्र को पांच सेक्टरों में विभाजित कर प्रत्येक सेक्टर के अध्यक्ष, सचिव और मीडिया प्रभारी का भी चयन किया गया। प्रथम सत्र के समापन के बाद वेदराम मनहरे के निवास पर सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं समाजजनों को संत भोजन कराया गया। द्वितीय सत्र में नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आयोजित हुआ, जिसके मुख्य अतिथि लखनलाल कोसले, प्रदेश अध्यक्ष प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज थे। उन्होंने बाबा गुरु घासीदास के ज्योति कलश के साक्षी में सभी पदाधिकारियों को संगठन के बायलॉज एवं नीतियों के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई।कार्यक्रम में जन्म से मृत्यु तक सामाजिक संस्कारों के नियमों का पालन और उल्लंघन पर दंड नीति लागू करने का संकल्प लिया गया। साथ ही 18 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास जयंती सादगी पूर्वक एवं एकजुटता के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के समापन पर वेद राम मनहरे ने सभी समाजिक सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



# नपा अध्यक्ष ने की गुरु ग्रंथ साहब की पूजा अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रकाश पर्व संत गुरु नानक देवजी के 556 वीं जन्म जयंती सिख समाज एवं सिंधी समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा सिख समुदाय एवं सिंधी समुदाय के गुरुद्वारा में जाकर गुरु ग्रंथ साहब की पूजा अर्चना कर समाज के लोगों को बधाई दी और आयोजित लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय नगर भवन के सामने समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में पंज प्यारों का पुष्पगुच्छ से अभिनंदन स्वागत करते हुए जुलूस में गुरु ग्रंथ साहेब पर पुष्प हार श्रीफल चढ़ा कर सबके सुख समृद्धि व खुशहाल जीवन की कामना की गई।

- नगर भवन के सामने सिंधी समाज एवं सिख समाज के पंच प्यारों का स्वागत कर किया अभिनंदन

बाजे गाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई गुरु ग्रंथ साहब व गुरु नानक देव की शोभायात्रा एवं पंज प्यारो की अगुवाई में नगर भ्रमण के दौरान लोगों ने भी दर्शन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।



नगर भवन के सामने आयोजित शोभायात्रा के स्वागत कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन सहित भाजपा नेता धीरज बाजपेई, नपा उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, पार्षद हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना, रोहित साहू, सतीश पटेल, लोकेश चेलक, शेखर गुप्ता, आदित्य गुप्ता /"गुड्डू/" शेख सलमान, मनोज कांत पुरैना, सुभाष राव, डिगेश्वरी नामदेव, पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला, रविंद्र नामदेव, पोषण पटेल रवि फेकर द्वारा जुलूस का स्वागत कर एवं पूजा अर्चना की गई।

# जर्वे में बनेगा हायर सेकंडरी स्कूल भवन

**पलारी।** कसडोल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत जर्वे में 1 करोड़ 16 लाख की लागत से बनने वाले हायर सेकंडरी स्कूल भवन का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक संदीप साहू थे, जिन्होंने विधिवत पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि शिक्षा किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला है। ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुविधा गांव के समीप ही उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि जर्वे और आसपास के गांवों के विद्यार्थियों को अब दूर गांवों तक पढ़ाई के लिए नहीं जाना पड़ेगा। इससे अभिभावकों को भी राहत मिलेगी। उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध कार्य करने के निर्देश दिए तथा ग्रामवासियों से आग्रह किया कि वे भी इस शैक्षणिक संस्थान के निर्माण और रखरखाव में सहयोग दें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्तागण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस दौरान स्थानीय शिक्षकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक साहू का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने ग्रामीण अंचल में शिक्षा के विकास के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया।

- विधायक संदीप ने किया भूमिपूजन



# सोनाखान के जंगलों में कीमती पेड़ों अवैध कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

बलौदाबाजार जिले के सोनाखान वन परिक्षेत्र में अवैध कटाई का मामला सामने आया है। झालपानी और पठियापाली बीट के जंगलों में सागौन, बीजा, हल्दू और अन्य मूल्यवान वृक्षों की अवैध कटाई कर लकड़ी तस्करों द्वारा लूट मचाई जा रही है। स्थलीय निरीक्षण में कई जगहों पर ताजा ठूंठ पाए गए, जो वन विभाग की गश्त और निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि के समय ट्रैक्टर और पिकअप वाहन जंगल के भीतर लकड़ी परिवहन करते देखे जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वनरक्षक और बीटगार्ड केवल सड़कों तक ही गश्त करते हैं, जबकि जंगल के भीतर महीनों से कोई अधिकारी नहीं गया। अंदरूनी क्षेत्रों में ही तस्करी की गतिविधियां अधिक होती हैं।

वन कर्मियों ने अपनी सफाई में बताया कि सोनाखान क्षेत्र में हाथियों का दल सक्रिय रहने से अंदरूनी क्षेत्रों में गश्त करना जोखिमपूर्ण है। इस पर प्रश्न उठता है कि यदि वनकर्मी हाथियों के डर से नहीं जा पा रहे, तो लकड़ी तस्कर वहां तक कैसे पहुंच रहे हैं।

मामला सामने आने पर बलौदाबाजार वनमंडल के डीएफओ गणवीर धम्मशील ने संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि जांच एसडीओ स्तर पर कराई जाएगी, और यदि अवैध कटाई की पुष्टि होती है, तो जिम्मेदार कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएफओ ने कहा कि निगरानी दलों को सक्रिय कर सभी रेंजों में गश्त बढ़ाई गई है तथा सभी रेंज अधिकारियों से साप्ताहिक निरीक्षण रिपोर्ट मांगी गई है।







**मुख्य अतिथि पद्मश्री पोपट राव हुए शामिल**

# किरितपुर में तृतीय कृतज्ञता दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

दिव्य पथ संस्थान अमरकंटक द्वारा मानव तीर्थ किरितपुर में तृतीय कृतज्ञता दिवस कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर मनाया गया। इसमें मुख्य विषय ज्ञान से निः सृत मानवीय व्यवस्था था। यह कार्यक्रम श्रद्धेय ए नागराज के समाधि संयम व पूजनीय नागरत्ना देवी के सेवा फल स्वरूप पूर्ण ज्ञान सफल होने के उपलक्ष में मानव जाति के प्रति कृतज्ञ होने के अर्थ में किया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री पोपट राव पवार आदर्श ग्राम हिवरे बाजार महाराष्ट्र, अध्यक्षता राज्य मंत्री विशेषर पटेल छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग, विशेष अतिथि देवेंद्र शास्त्री ग्राम विकास प्रमुख छत्तीसगढ़, डॉ. लालाराम साहू बेमेतरा, मीनाक्षी राठौर अभ्युदय संस्थान छत्तीसगढ़, संकेत ठाकुर व शुभ्रा ठाकुर अभ्युदय संस्थान छत्तीसगढ़, राजेश दीवान नवागढ़ छत्तीसगढ़, डॉक्टर अवधेश पटेल समाधान महाविद्यालय बेमेतरा, अविनाश तिवारी ज्ञानोदय स्कूल बेमेतरा, सुशील शर्मा श्री राम ज्वेलर्स बेमेतरा, उदय भास्कर ग्राम जेवरा, तथा आसपास के ग्रामीण प्रीति यदु सरपंच बसनी, कठिया सरपंच बिरन बसंत, पथर्रा सरपंच, जेवरा सरपंच इत्यादि लोग उपस्थित हुए। पोपटराव पवार अपने उद्बोधन मे बताया कि कैसे उन्होंने अपने सरपंच होने के दायित्व व कर्तव्य को गांव के विकास के प्रति लगाया। उन्होंने अपने गांव के विकास मे अभूतपूर्ण काम कारवाये हैं, पोपटराव पवार ने बताया कि उनका गांव कभी सूखे, गरीबी तथा पलायन की समस्या झेलने वाला था। जिसे उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से इस गांव को आत्मनिर्भर बनाया। इस महत्वपूर्ण सामाजिक योगदान के लिए उन्हें राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा 2020 को पद्मश्री से सम्मानित किया गया।



# मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण के लिए घर घर पहुंच रहे बीएलओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची अद्यतन कार्य के लिए गहन पुनरीक्षण अभियान 4 नवम्बर से शुरू हो चुका है। इसके तहत जिले में बूथ लेबल आफिसर्स द्वारा घर-घर सम्पर्क कर मतदाताओं को फार्म वितरण आरंभ किया गया है।

बूथ लेबल ऑफिसर अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए घर-घर पहुंचने लगे हैं, ताकि मतदाता सूची से जुड़ी हर विसंगति को मौके पर ही दूर किया जा सके।

उनका मुख्य कार्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे, खासकर वे युवा जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं। इसके साथ ही बूथ लेबल ऑफिसर मृत या स्थायी रूप से अन्यत्र बाहर जा चुके मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया भी पूरी कर रहे हैं, जिससे सूची त्रुटिहीन और अद्यतन बन सके। इस गहन पुनरीक्षण के माध्यम से निर्वाचन आयोग का लक्ष्य न केवल एक पारदर्शी बल्कि सर्वाधिक समावेशी मतदाता सूची तैयार करना है। निर्वाचन आयोग द्वारा इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सभी मतदाताओं एवं नागरिकों से अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सक्रिय सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।

बूथ लेबल ऑफिसर (बीएलओ) चुनावी कार्यालयों तक सीमित न रहकर सीधे जनता से जुड़ रहे हैं। इनकी सहायता के लिए स्थानीय मैदानी अमले रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इत्यादि को वालेंटियर्स नियुक्त किया गया है।





## खबर संक्षेप

### डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान 4.0 के लिए प्रशिक्षण 12 को

**बलौदाबाजार**। जिले में पेंशनरों की सुविधा के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान 4.0 के क्रियान्वयन हेतु 12 नवम्बर को 11 बजे से कलेक्टर सभाकक्ष क्रमांक 110 में प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण में समस्त राष्ट्रीयकृत बैंक, समस्त पेंशनर संघ को उपस्थित होने कहा गया है। पेंशनरों के जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रियाओं को और अधिक पारदर्शी या डिजिटल बनाने के उद्देश्य से फेस ऑथेटिकेशन तकनीक प्रारंभ किया गया है। डिजिटल एप के माध्यम से पेंशनर बिना किसी कठिनाई के अपने एंड्रायड मोबाइल फोन अथवा कम्प्यूटर द्वारा घर बैठे ही जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। यह कार्यक्रम भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में किया जायेगा।

### अगहन माह की शुरुआत, महिलाओं ने की लक्ष्मी की पूजा

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में अगहन महीना के प्रथम गुरुवार को महिलाओं ने माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना किया। महिलाओं ने अपने परिवार व ग्राम के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने सुबह से व्रत का पालन किया। सुबह की पूजा अर्चना से दिन की शुरूआत किया गया। शाम को अपने घरों के प्रवेश द्वार पर चांवल के आटे से मां लक्ष्मी के पद चिन्ह बनाकर स्वागत किया गया। लता चंद्राकर ने कहा कि आज से अगहन महीना की शुरूआत हो चुकी है।

## पेज 9 के शेष

### जिले में राजस्व ...

अमेरा, भाटापारा के खोखली, सिमगा के दरचूरा, सुहेला नवापारा, कसडोल के कोसमसरा क, टुण्डरा के मटिया, सोनाखान के ग्राम डुमरपाली, 14 नवम्बर को बलौदाबाजार, लवन के धाराशिव, पलारी के वटगन, भाटापारा के खम्हरिया,सिमगा के बनसांकरा, सुहेला के सुहेला, टुण्डरा के गिधौरी, सोनाखान के ग्राम चान्दन,17 नवम्बर को बलौदाबाजार के ग्राम अर्जुनी, लवन के मुण्डा, पलारी के गिधपूरी, भाटापारा के गुडेलिया सिमगा के कचलोन, सुहेला के खपराडीह, कसडोल के देवरीकला, टुण्डरा के कुम्हारी, सोनाखान के ग्राम सोनपुर, 19 नवम्बर को बलौदाबाजार के ग्राम चांपा, लवन के डोंगरा, पलारी के दतरेंगी, भाटापारा के खैरी, सिमगा के औरठी, सुहेला के रावन, कसडोल के छरछेद, सोनाखान के ग्राम बिलारी, 20 नवम्बर को बलौदाबाजार के ग्राम रिसदा, लवन के भालूकोना, पलारी के रोहांसी, भाटापारा के निपानिया, सिमगा के कामता, सुहेला के नेवारी, कसडोल के झबड़ी, 21 नवम्बर को बलौदाबाजार के ग्राम संकरी, लवन के कोलिहा, पलारी के दतान ख, भाटापारा के कोदवा, सिमगा के केसदा, सुहेला के बुडगहन, कसडोल के कटगी, 24 नवम्बर को बलौदाबाजार के ग्राम भाठागांव, लवन के लाहोद, भाटापारा के ओटेबंद, सिमगा के नेवधा, सुहेला के ग्राम हिरमी में आयोजित है।

### गौरा-गौरी विसर्जन ...

बालक सहित कुल 13 आरोपियों को हिरासत में लिया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा गौरी-गौरा विसर्जन के दौरान बाजा में नाचने की बात को लेकर पत्थर, लाठी डंडे, लोहे के राड, चाकू आदि से प्राण घातक वारकर उन्हें गंभीर चोंट पहुंचाना स्वीकार किया। प्रकरण में सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### भाटापारा, सिमगा ...

स्वीकृत किए गए हैं। लगभग 23.27 करोड़ की राशि से इन परियोजनाओं का क्रियान्वयन होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के स्वागत भाषण से हुआ तथा समापन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को होती है एक सद्गुरु की आवश्यकता


## भगवती मानव कल्याण संगठन ने 24 घंटे किया मां जगत जननी का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में 24 घण्टे के अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन मर्राकोना गांव में किया गया। 5 नवम्बर दोपहर 1 से 6 नवम्बर दोपहर एक बजे तक निरंतर चालीसा पाठ हुआ। इसके पश्चात समापन में पुनः माता भगवती जगतजननी जगदम्बा एवं शक्तिपुत्र महाराज की दिव्य आरती क्रम के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए प्रदेश मीडिया प्रमुख कार्तिक साहू ने कहा यह संगठन मानवता की सेवा में ही अपनी ऊर्जा को लगा रहे हैं। संगठन द्वारा आयोजित यह चालीसा पाठ की विशेषता यही है कि इसमें आप अपनी इच्छानुसार जितना समय आपको चालीसा पाठ करना हो कर सकते हैं, इसमें आपका सीधा संपर्क माता भगवती जगत जननी जगदम्बा एवं गुरुवर से रहता है, जिससे इस चालीसा पाठ का सीधा लाभ आपको मिलता है। जिला अध्यक्ष नेमीचंद पटेल ने कहा कि जीवन में एक सद्गुरु की आवश्यकता सबको होती है, वह परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के रूप में हमें प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि संगठन जिलेभर में इस तरीके का आयोजन करके गांव-गांव, शहर-शहर में जनजागरण क्रम चला रहे हैं।





### समाज को नशामुक्त बनाना है आवश्यक

संगठन का लक्ष्य है जिले में नशा मुक्त मांसाहार चरित्रवान, चेतनावन समाज बनाकर लोगो के जीवन में बदलाव लाना। महिला कार्यकर्ता अनिता नायक ने कहा कि आज नशे के कारण सबसे ज्यादा महिलाएं प्रताड़ति है, जिन्हें बचाने के लिए समाज को नशामुक्त बनाना बेहद आवश्यक है, इसके लिए संगठन जिलेभर में व्यापक रूप से अभियान चला रहा है, जिसमें आप सभी जुड़कर अपने जीवन में अवश्य रूप से परिवर्तन लाने का आग्रह उन्होंने किया। आभार प्रदर्शन आयोजक प्रदेश महासचिव दयाशंकर निषाद ने किया। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार साहू, अश्वनी साहू, तहसील अध्यक्ष लुकेश पटेल, कांशीराम साहू, राहुल पटेल, भोलेश पटेल सहित बड़ी संख्या में जिला पदाधिकारी, तहसील पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद थे।

पर्व : शिवडोंगरी की पहाड़ी पर विराजमान हैं सिद्धबाबा

# कार्तिक पूर्णिमा पर सैकड़ों लोगों ने लिया सिद्धबाबा का दर्शन लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



कार्तिक पूर्णिमा पर सिद्धबाबा शक्तिपीठ शिवडोंगरी धनसीर में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जहां उन्होंने 151 सीढ़ी चढ़कर पहाड़ी पर विराजमान सिद्धबाबा के दर्शन किये। यह सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के एकमात्र धार्मिक स्थल है जो पहाड़ी पर विराजमान है। शिव डोंगरी के बाबा रामेश्वर चैतन्य महाराज बताते हैं कि यहां का धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व भी है। सैकड़ों वर्षों पूर्व इस शिवडोंगरी पहाड़ी पर कोई संत, तपस्वी कई वर्षों तक तपस्या किए थे, जिसके कारण सिद्ध बाबा कहलाने लगे। उस पहाड़ी पर भगवान शिव भी विराजमान है। कहा जाता है कि खेती के दिनों में जब पानी नहीं गिरता था तो लोग दुर्गम रास्ते से होकर पहाड़ी पर स्थापित चिमटा की पूजा करने एवं चढ़ावा चढ़ाने जाते थे। जब इस पहाड़ी को घनघोर काले बादल ढक देते हैं तो बारिश का होना निश्चित है। अब सिद्ध बाबा तक पहुंचने के लिए सीढ़ी बना दी गई है। शिवडोंगरी में उत्तराखंड राज्य तथा मारुति धाम देवरघटा जिला जांजगीर चांपा, मानस पथिक आश्रम पीपरडुला से संत महात्माओं का पदार्पण होता रहता है।

इस वर्ष के प्रसाद व्यवस्था जयशंकर प्रसाद साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत बिलाईगढ़ एवं देवकुमारी राधेश्याम साहू सेवानिवृत्त प्रधानपाठक के सहयोग भंडारे का आयोजन किया, जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुगण प्रसाद ग्रहण किए। इसमें ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय रहा। सुबह से ही रामायण का भी आयोजन किया गया। सिद्ध शक्ति पीठ शिवडोंगरी में बलौदाबाजार- भाटापारा, जांजगीर-चांपा, शक्ति, बिलासपुर, महासमुंद, रायगढ़, सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिले से सिद्ध बाबा के दर्शन करने के सुबह से लेकर शाम तक हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

### पुन्नी पर्व पर चितावार धाम में लगा मड़ई मेला और अखाड़ा का प्रदर्शन हुआ



**हिरमी-रावन**। ग्राम पंचायत मुसवाडीह के आश्रित ग्राम भालूकोना में पुन्नी पर्व पर सुप्रसिद्ध चितावार धाम परिसर में मड़ई मेले का आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था और परंपरा से जुड़े इस आयोजन में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बाजे-गाजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर निकले मारी जुलूस ने पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना दिया। मंदिर परिसर में आयोजित अखाड़ा प्रदर्शन कार्यक्रम में युवाओं ने अपनी कला और शौर्य का शानदार प्रदर्शन किया। दर्शकों की भारी भीड़ पूरे समय अखाड़े के चारों ओर जुटी रही और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान अखाड़ा के सदस्यों को मुसवाडीह के पूर्व सरपंच आशीष कुमार वर्मा, मोहरा सरपंच प्रतिनिधि जवाहर वर्मा, समाजसेवी सनत सेठ, लेखराम वर्मा, मंदिर अध्यक्ष दीनबंधु यादव, ग्रामीण कृत राम वर्मा, पुजारी राम प्रसाद वर्मा, तथा भव्य रावत नाचा के संचालक देवव्रत यादव व प्रदीप कुमार यादव द्वारा श्रीफल एवं नगद राशि भेट कर सम्मानित किया गया।

# शिवरतन ने छात्राओं को बांटी साइकिलें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने भाटापारा में नगर पालिका उच्चतर कन्या विद्यालय में छात्राओं को साइकिल वितरित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बेटियां हैं तो कल है, सभी बच्चें बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। प्राचार्य राजेंद्र जोशी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

इस दौरान शिवरतन शर्मा ने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत आज छात्राओं को साइकिल वितरण की जा रही है। सभी बच्चें बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं सभी क्षेत्रों में प्रदेश का समग्र विकास करना।

शिवरतन शर्मा ने कहा यही समय होता है अपने लक्ष्य निर्धारित कर रुचि रख विषय को लेकर पढ़ाई करें। जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व होता है। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए अच्छा अवसर देना हमारा कर्तव्य है।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका आभा व्यास एवं आभार प्रदर्शन रेखा वर्मा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर राकेश तिवारी, नीरा साहू, आशीष जायसवाल, नंद किशोर अग्रवाल, आशीष पुरोहित, भास्कर देवांगन, दुर्गेश शर्मा, अशोक तिवाड़ी, आनंद शर्मा, अंजनी जायसवाल, तनूजा धृतलहरे, रितु यादव, शकून ध्रुव, गीता साहू, नंदकिशोर शर्मा, शिक्षक किरण साहू, शिवानी पुरोहित, खुशी गुप्ता, द्रोपती पारस, सुमित वर्मा, आकाश यादव, योगेवर, दलेश्वरी ठाकुर उपस्थित थे।

# देव दीपावली पर यादव समाज ने निभाई सोहई बांधने की रस्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



मुड़पार में कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीपावली का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों, विशेषकर यादव बंधुओं ने इस अवसर पर पारंपरिक और धार्मिक उत्साह के साथ मां लक्ष्मी तथा गौ माता की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर यादव समाज के लोगों द्वारा परंपरागत सोहई बांधने की रस्म निभाई गई। यादव लोगों ने पारंपरिक रीति से सुहाई सोहई बांधी और आशीष दिया। यादव महिलाओं ने अपने-अपने घर मालिक के घर जाकर हाथा देने का काम किया। यह प्रथा गांव की एक विशिष्ट स्थानीय परंपरा है, जो पीढ़ियों से चली आ रही है। यादव ने अपने-अपने घरों में गौ माता की आराधना की। समाज के वरिष्ठजन जीवरखान लाल यादव एवं चैनू यादव ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा का यह पर्व भगवान विष्णु की पूजा से जुड़ा हुआ है। इस दिन भक्तजन व्रत रखते हैं, सत्यनारायण कथा का श्रवण करते हैं और भगवान विष्णु की आराधना करते हुए दीपदान करते हैं।

ग्राम प्रमुख यादव बंधुओं संतोष कुमार यादव, राजू यादव, रामकुमार यादव, जीवरखान लाल यादव, चैनू यादव, जीवधन यादव, रतिराम यादव, अशोक यादव दिनेश कुमार यादव, मेक रावल यादव, मनीराम यादव का इस आयोजन में विशेष योगदान रहा।

पूरे गांव में दीपों की रौशनी से वातावरण आलोकित हो उठा और लोगों ने जय यादव, जय माधव, श्रीकृष्ण भगवान की जय के उद्घोष से देव दीपावली का स्वागत किया।

# सशिमं में पालक और शिक्षकों ने बच्चों के बौद्धिक विकास बढ़ाने पर की चर्चा



**खरोरा- कोसरंगी**। सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सप्त शक्ति संगम एवं आचार्य पालक बैठक का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि पुनाराम वर्मा, अध्यक्ष ग्राम भारती रायपुर थे। अध्यक्षता डोमार वर्मा कोषाध्यक्ष ने की। विशिष्ठ अतिथि तोषण साहू सह सचिव ग्राम भारती रायपुर, सदस्य गैंदलाल साहू विराज मान थे। अतिथियों ने कहा बौद्धिक विकास संवाद होना चाहिए तथा विद्यालय से घर जाने पर बच्चों के प्रति माता पिता के दायित्व के बारे में प्रकाश डाला, पालकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात सप्त शक्ति संगम का कार्य क्रम शुरू हुआ जहां पर पुरुषों की अपेक्षा माताएं की संख्या ज्यादा थी। कार्यक्रम में कनकी संकुल के अंतर्गत भैंसा, कोरासी, सकरी, बनरसी, खोरसी, पचरी, फरहदा के प्रधान पाठक उपस्थित थे। सभा का संचालन प्रधान पाठक गंगू राम वर्मा एवं खेमू राम तुरकाने ने किया। संस्था के दीदी बसंती दास, सावित्री तुरकाने सीमा साहू, दुर्गेश्वरी पाल, लक्ष्मी साहू, प्रतिभा साहू, पार्वती साहू, सकुंतला निषाद, रोमा दास ने कक्षा सह विद्यालय के गति विधिओं से अवगत कराया। इस अवसर पर आचार्य उत्तम साहू, रूपेंद्र साहू, परमानंद वर्मा, आया खिलेश्वरी साहू, जागृति साहू का विशेष योगदान रहा।

# कार्तिक पूर्णिमा पर कीर्तन मंडली ने किया भगवान श्रीराम का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया



कार्तिक पूर्णिमा पर वटगन ग्राम में धार्मिक और सांस्कृतिक उल्लास का माहौल देखने को मिला। प्रातः 4 बजे से ही ग्रामीणजन भगवान रामचंद्र की महिमा का गुणगान करते हुए कीर्तन मंडली के साथ गांव की गलियों में निकले।

भक्ति और संगीत के सुरों से सम्पूर्ण ग्राम राममय हो उठा।

कीर्तन यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह भगवान श्रीरामचन्द्र के छायाचित्र का स्वागत किया गया और प्रसाद वितरण किया गया। गांव में हरिओम जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने महानंदी में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम में गुनीराम वर्मा, जीवन वर्मा, किशन वर्मा, पुरन चंद्राकार, दयाराम वर्मा, घनश्याम वर्मा, ओमप्रकाश चंद्राकार, अशोक चंद्राकार, बरातु वर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, राजेश शर्मा, बिमाला शर्मा, पुनीत पटेल, खोरबाहरा, येदु वर्मा, खेदु वर्मा, परसोत्तम वर्मा, शिवचरण वर्मा, मंशा वर्मा और मनोज वर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर राज्योत्सव में अरूण छाबड़ा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



छत्तीसगढ़ रजत जयंती पर जिले में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय राज्योत्सव 2025 का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कलेक्टर दीपक सोनी, डीएफओ गणवीर धम्मशील एवं सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल द्वारा अरूण छाबड़ा बंटी को उनके उत्कृष्ट कार्य करने पर मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा ऐसे ही हमेशा अच्छे सामाजिक कार्य करते रहे। पूर्व में आप मलेशिया, इंग्लैंड, फ्लोरिडा एवं 400 से अधिक अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय संस्थानों से सम्मानित हो चुके हैं ये निःस्वार्थ मानव सेवा स्वास्थ्य शिविरों रक्तदान, खेल खुद, सांस्कृतिक, संमर कैंप,नारी शक्ति सम्मान कार्यक्रमों और युवा सशक्तिकरण में उनके अथक प्रयासों से अनगिनत लोगों के जीवन को छुआ है और एकता देशभक्ति आशा की प्रेरणा दी है।

वे मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के हाथों सम्मानित हो चुके हैं। सम्मानित होने पर नितिन भंसाली, हरपाल सिंह भांमरा, दलजीत चावला, गुरभेज सिंह टोनी, सचिन मोनू सलूजा, राजकुमार मल, देवेन्द्र भृगु, सीमा मल वीणा साहू, अजयकांत शुक्ला, सुधीर मिश्रा, अजय गुप्ता, आलोक मोदी, रूपेश मिश्रा, कैलाश बालानी, तंजीव अरोरा, अनिल जायसवाल, सुनील दुबे, इकबाल अहमद, दिनेश सोनी, त्रिलोक सिंह सलुजा, देवेन्द्र सचदेव, कन्हैया सेठी, राजा टुटेजा, मंजीत छाबड़ा, सुशील छाबड़ा, कुलदीप लक्की, पूर्वाशं विक्की सलूजा, प्रियांशू बलवंत छाबड़ा, गुलशन वर्मा, सूरज शर्मा, संत सोनी ने आभार जताया।

### नवनिर्मित घर देरासर में विराजेंगे अलौकिक पार्श्वनाथ परमात्मा

**रायपुर**। टैगोर नगर स्थित श्री पार्श्व पद्मावती सच्चियाय मंदिर इन दिनों धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। यहां 6 नवंबर से प्रारंभ हो रहे पंचान्हिका महोत्सव के अवसर पर अलौकिक पार्श्वनाथ परमात्मा की प्रतिमा की अंजनशलाका प्रतिष्ठा संपन्न होगी। यह मंदिर केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे देश में संप्रदाय एकता की अनूठी मिसाल प्रस्तुत कर रहा है। यहां दिगंबर, श्वेतांबर, स्थानकवासी आदि सभी जैन संप्रदायों के आचार्य, साधु-साध्वी भगवंतों का निरंतर आगमन होता रहा है और मंदिर ने सदैव सर्वसमभाव का संदेश दिया है। पिछले 15 वर्षों से महेंद्र सागर गदिया परिवार द्वारा पार्श्वनाथ परमात्मा, पद्मावती माता एवं सच्चियाय माता की अखंड सेवा, पूजा एवं भक्ति का क्रम निरंतर जारी है। समाज में एकता और समरसता का यह उदाहरण देखकर अध्यात्मयोगी महेंद्र सागर एवं युवामनीषी मनीषसागर की पावन निश्रा में उनके सुशिष्य विनम्र सागर ने इस घर देरासर को “अलौकिक” नाम प्रदान करने की प्रेरणा दी।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
07 नवंबर 2025 SHOW TIME
एम.ए. प्रीवियस (सीजी)
शो समय -12:00,3:00 PM
द ताज स्टोरी
शो समय - 6:00 PM, 9:00 PM
एक दीवाने की दिवानियत
शो समय - 6:00 PM
जटाधरा
शो समय - 12:00,03:00, 09:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# नपा ने लापरवाह मालिकों पर कार्रवाई करने और घुमंतू मवेशियों के संरक्षण का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नगर पालिका परिषद में गौधाम के समग्र विकास, गौ-सुरक्षा तथा नगर में घूमंतु गौवंश से संबंधित समस्याओं के समाधान पर विचार-विमर्श हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने की। बैठक में बैठक में नगर पालिका परिषद् के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर गौधामों की आधारभूत संरचना, गोधन के भोजन की उपलब्धता, नियमित चिकित्सा सुविधा, उचित देखभाल, स्वच्छता व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त पार्षद श्रेणिक गोलछा द्वारा दिसंबर एवं मार्च में एक-एक ट्रॉली चारे की व्यवस्था करने की घोषणा की गई। वहीं गोलछा परिवार द्वारा 11 हजार एवं रामरतन मूंधड़ा द्वारा 1 लाख का सहयोग प्रदान किया गया।बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़यिा, मनीष मिश्रा, नंदु वैष्णव, श्रेणिक गोलछा, सतीश साहू, गोवेर्धन डहरिया, प्रकाश ठाकुर, शुभम राजपूत, दशरथ साहू, लिकेश साहू, योगेश अनंत, भुवन सिंह ठाकुर, रामरतन मूंधड़ा, अनिल चांडक, सुशील भूषणीया, अनिल रोचलानी, कैलाश बलानी, सुरेश भानुशाली, बजरंग दल से रवि वर्मा, अभिषेक मिश्रा, मुकेश शर्मा, पशु चिकित्सक डॉ अग्रवाल, शहर थाना प्रभारी प्रवीण मिंज, सुनील ठाकुर एवं प्रतिष्ठित नागरिकजन उपस्थित थे।

### पैरा दान के लिए किया प्रेरित

बैठक में नागरिकों को अधिक से अधिक पैरा दान के लिए प्रेरित करने, घास एवं हरे चारे के उत्पादन को प्रोत्साहित करने, गौधाम में गोधन मालिकों द्वारा छोड़े गए पशुओं को रखने तथा ऐसे मालिकों पर दंडात्मक कार्रवाई करने, दो माह के चारे का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करने, रसीद प्रणाली के माध्यम से दान प्राप्त करने तथा गौधाम के गोबर से छेना निर्माण एवं गौमूत्र विक्रय जैसी योजनाओं को क्रियान्वित करने के सुझाव दिए गए।

### मवेशियों को खुला न छोड़े पशु पालक



### गौमाता हमारी संस्कृति है

नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि यह पहल न केवल गौ-संरक्षण एवं गौ-कल्याण की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है, बल्कि नगर के सामाजिक एवं पर्यावरणीय संतुलन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा गौमाता हमारी संस्कृति, संवेदना और करुणा की प्रतीक हैं और नगर पालिका परिषद् भाटापारा उनके संरक्षण एवं सेवा के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहेगी।

## पर्व : कीर्तन जत्थों ने गुरुबाणी का गायन किया, पुष्प वर्षा की गई

# श्री गुरु नानक जयंती पर गुरु ग्रंथ साहिब की निकाली पालकी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार







देव एकादशी पर सिक्ख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव की जयंती नगर के सिक्ख समाज द्वारा श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर का वातावरण पूरी तरह धार्मिक रंग में रंग गया। गुरुद्वारों में भक्ति भाव से भरे श्रद्धालु वाहे गुरु का खालसा, वाहे गुरुजी की फतेह के जयघोष के साथ गुरु महाराज के आशीर्वाद के लिए उमड़ पड़े।

जयंती से पूर्व सप्ताह भर नगर में प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली जाती रही, जिससे गुरुनानक जयंती के प्रति श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। नगर के गुरुद्वारे को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जयंती के दिन प्रातःकाल से ही गुरुद्वारे में शब्द कीर्तन और गुरुबाणी पाठ आरंभ हुआ। सिक्ख समाज के साथ-साथ सिंधी समाज एवं अन्य समाजों के लोग भी गुरुद्वारे पहुंचकर माथा टेकते हुए आशीर्वाद प्राप्त कर रहे थे।

प्रातः लगभग 11 बजे सदर रोड गुरुद्वारे से पंज प्यारो की अगुवाई में गुरु महाराज की पालकी साहब को नवनिर्मित बस स्टैंड गुरुद्वारे तक ले जायी गई। यह नगर कीर्तन अत्यंत भव्य रूप में निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुरुष, महिलाएं, युवा और बच्चे सम्मिलित हुए। नगर कीर्तन में गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी के साथ कीर्तन जत्थों द्वारा गुरुबाणी का गायन किया जा रहा था। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने विभिन्न स्थानों पर फूल वर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया।

दोपहर में बस स्टैंड स्थित गुरुद्वारे में शब्द कीर्तन के पश्चात भव्य लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद ग्रहण कर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे नगर में भक्ति और एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

सिक्ख समाज के अध्यक्ष सरदार इंदर सिंह सलूजा ने बताया कि गुरुनानक देवजी के उपदेश आज भी मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। इस आयोजन में समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

कार्यक्रम में सरदार बलविंदर सिंह पनेसर, गुरचरण सिंह चावला, संतोष सिंह चावला, दलजीत सिंह चावला, मंजीत सिंह चावला, पप्पू सलूजा, हर्ष चावला, जिमी सलूजा, रवि चावला, रोमी चावला, अंशु गंभीर, प्रिंस चावला, शब्द चावला, श्लोक चावला, सेवक सलूजा, राजू सलूजा, सत्या सलूजा, विकास गंभीर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# खपराडीह में खेल व उद्यान विकास कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ग्राम खपराडीह निरंतर विकास की दिशा में अग्रसर है। इसी कड़ी में ग्राम में युवाओं के शारीरिक विकास, बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहन एवं बुजुर्गों के लिए मनोरंजन स्थल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्री फाउंडेशन ट्रस्ट एवं ग्राम पंचायत खपराडीह के संयुक्त तत्वावधान में खेल मैदान एवं उद्यान निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया।

कार्यक्रम में श्री सीमेंट लिमिटेड की इकाई प्रमुख हुकमचंद गुप्ता, मानव संसाधन विभाग प्रमुख अनिल कुमार पाठक, वरिष्ठ प्रबंधक विनोद कुमार देवांगन, ग्राम पंचायत सरपंच गजेंद्र वर्मा, पंचगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। भूमिपूजन के बाद उपस्थितजनों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे ग्रामवासियों को एक सुंदर व सुरक्षित मनोरंजन स्थल मिलेगा। विशेषकर बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह स्थल शारीरिक, मानसिक व सामाजिक विकास का केंद्र बनेगा।

पूर्व में भी श्री फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा ग्राम में तालाब गहरीकरण, सीमेंटेड पचरी निर्माण एवं शेड निर्माण जैसे कई जनहितकारी कार्य किए गए हैं, जिससे ग्रामीणों के जीवन स्तर में निरंतर सुधार हुआ है।

इस अवसर पर जनपद सदस्य भानु प्रताप वर्मा, पूर्व सरपंच विनोद वर्मा एवं उर्मिला ध्रुव, पूर्व उपसरपंच मनहरण यदु, पंचगण प्रदीप निर्मलकर, अशोक भारद्वाज, मोनिका बघमार, रेणु वर्मा, किरण कर्माकर, द्रौपती यदु, ग्राम पटेल रामकुमार बघमार, सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणों में भोजराम वर्मा, ओंकार बघमार आदि की उपस्थिति रही।

## नगर पहुंचीं कुंवारी माता ने शिवलिंग की पूजा की

**भाटापारा।** दुर्ग जिले की कातरो की रहने वाली प्रसिद्ध कुंवारी माता महिला वैष्णवी के नाम से प्रसिद्ध है, जो अपनी कठिन तपस्या के लिए प्रदेश में जानी जाती है, जिनका आगमन भाटापारा में हुआ। वह अपने एक निजी कार्यक्रम के तहत गौरा चौक सुभाष वार्ड पहुंचीं थी, जहां कुंवारी माता को अपने बीच पाकर उपस्थित भक्तों द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं आरती की गई। इस दौरान वे श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड स्थित गंगेश्वर देवालय मंदिर पहुंचीं, जहां उपस्थित भक्तों द्वारा आरती कर आशीर्वाद लिया। कुंवारी माता द्वारा गंगेश्वर नगर मंदिर में स्थापित शिवलिंग की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर पंडित प्रकाश शर्मा, योगेश वैष्णव, रमेश, वैष्णव राधे वैष्णव, राजकुमार साहू, भीष्म साहू राहुल साहू उत्सव साहू आदि उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### पेंशनर जीवन प्रमाण पत्र शिविर 10 को

**बलौदाबाजार।** पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा 10 नवंबर को संध्या 3 बजे गौरव पथ स्थित सामुदायिक भवन में एक दिवसीय जीवन प्रमाणपत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। तहसील अध्यक्ष एस डी पड़वार और जिलाध्यक्ष एसएम पाध्ये ने बताया कि यह शिविर प्रदेश महामंत्री डीपी जैन के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने प्रत्येक पेंशनर को हर वर्ष नवंबर माह में अपने जीवित होने का प्रमाण पत्र संबंधित बैंक में जमा करने की अपील की, जहां से वे पेंशन प्राप्त करते हैं। इस प्रक्रिया में बैंक शाखाओं में भीड़ लगने से पेंशनरों और बैंक अधिकारियों दोनों को असुविधा होती है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए यह शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में बैंक अधिकारी की उपस्थिति में पेंशनर ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से जीवन प्रमाणपत्र भरकर जमा कर सकेंगे। साथ ही बैंक अधिकारी पेंशनरों को पेंशन लोन और साइबर फ्रॉड से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान करेंगे। संस्था ने सभी पेंशनरों और परिवार पेंशनरों से अपील की है कि वे इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ लें और अपने साथियों के साथ उपस्थित हों। पेंशनर अपने साथ नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की फोटोकॉपी तथा बैंक पासबुक लेकर आएं।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 10 को

**बलौदाबाजार।** शासकीय आद्यौगिक प्रशिक्षण संस्था सकरी बलौदाबाजार में शिक्षुता प्रशिक्षण अधिनियम 1961 के अंतर्गत आगामी 10 नवम्बर को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का आयोजन सुबह 10.30 बजे से होगा। शासकीय एवं निजी आईटीआई से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं आवश्यक अभिलेखों और दस्तावेजों के साथ शामिल होकर इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। यह आयोजन महानिदेशक प्रशिक्षण कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ के तहत किया जा रहा है।

### 21 कुंडीय यज्ञ-हवन भण्डारे का आयोजन

**रायपुर।** राजधानी के वीआईपी रोड स्थित संत आशाराम आश्रम में 21 कुंडीय यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया। मंत्रोच्चार के साथ साधक परिवारों द्वारा पूजा अर्चना कर आरती की गई। इसके बाद सामूहिक माला पूजन का आयोजन भी किया गया इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भंडारा रखा गया।

# भागवत कथा में गूंजा माखन चोरी का प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन





ग्राम बरडीह में स्व. नरेश वर्मा की पुण्य स्मृति में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास हरिकृष्ण महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप एवं माखन चोरी की लीला का इतना सुंदर और भावपूर्ण वर्णन किया कि पूरा पंडाल मंत्रमुग्ध हो उठा। कथावाचक ने दशम स्कंध के प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि बाल गोपाल कन्हैया की माखन चोरी कोई सामान्य घटना नहीं थी, बल्कि यह जीव और ईश्वर के प्रेम का प्रतीक थी। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण जब गोपियों के घरों से माखन चुराते थे और पकड़े जाने पर अपनी भोली अदाओं व मीठे तर्कों से यशोदा मैया को मना लेते थे, तो उसमें भक्ति और प्रेम का दिव्य संदेश छिपा होता था, कि भगवान केवल प्रेम के भूखे हैं। कथा के दौरान भक्तों ने भजन-कीर्तन में भाग लिया और वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो गया। कथा के समापन पर माखन-मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया, जिसे प्राप्त कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। यह धार्मिक आयोजन दिवंगत नरेश वर्मा की स्मृति में किया जा रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आस-पास के श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि सात दिवसीय यह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ पूरे सप्ताह चलेगा, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के अन्य दिव्य चरित्रों का भी रस पूर्ण वर्णन किया जाएगा।

### नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम हुआ

**सिमगा।** शासकीय राजीव गांधी महाविद्यालय में समाज कल्याण विभाग द्वारा नई दिशा अभियान के तहत नशे से मुक्ति के लिए जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें नशे के दुष्प्रभाव एवं नशे से होने वाली परेशानियों के बारे में छात्रों को अवगत कराया गया। साथ ही नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई।

जिला प्रशासन द्वारा जिला चिकित्सालय से नशे के दुष्परिणाम की जानकारी एवं मनोविकास हेतु परामर्श, हम होंगे कामयाब के तहत रोजगार हेतु पोर्टल में क्यूआर स्कैन में पंजीयन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला उत्पीड़न, लैंगीग अपराध के संबंध में भी जानकारी दी गई।







